प्रेषक,

निदेशक,
पंचायती राज, उ0प्र0।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मुजफ्फरनगर।

**संख्याः–5/ 920 /2023–5/28/2022 लखनऊ दिनांक 10 अगस्त 2023**

**विषयः मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वर्ष 2022–23 में जनपद मुजफ्फरनगर की पुरस्कृत ग्राम पंचायतों को आवंटित की गयी धनराशि व्यय किये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्याः–1150/33–3–2022–212/2017, दिनांक 08 जुलाई, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट, जिसके अन्तर्गत माननीय मुख्यमंत्री जी की घोषणा के क्रम में पंचायत सशक्तीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021–22 में किये गये उत्कृष्ट कार्य के आधार पर पुरस्कृत किया गया है।

उक्तानुसार योजनान्तर्गत समस्त कार्यवाही सम्पन्न करते हुए राज्य परफारमेन्स असेसमेन्ट समिति की षष्टम बैठक दिनांक 06 मार्च, 2023 का कार्यवृत्त पत्र संख्याः–5/261/2023–5/28/2022, दिनांक 10 मार्च, 2023 में प्रदेश की कुल 370 ग्राम पंचायतों को पुरस्कृत किये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी। समिति के निर्णयानुसार प्रत्येक जनपद की प्रथम पांच ग्राम पंचायतों को अंको के अवरोही क्रम में निम्नानुसार धनराशि निर्गत की गयी हैः–

| क्र0सं0 | स्थान | धनराशि (लाख रू0 में) |
|---|---|---|
| 1 | प्रथम स्थान | 11 |
| 2 | द्वितीय स्थान | 09 |
| 3 | तृतीय स्थान | 06 |
| 4 | चतुर्थ स्थान | 04 |
| 5 | पंचम स्थान | 02 |

3– अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको अवगत कराना है कि संलग्न सूची के अनुसार आपके जनपद की चयनित 05 ग्राम पंचायतों के ग्राम निधि–1 खाते में धनराशि हस्तान्तरित कर दी गयी है। पुरस्कृत ग्राम पंचायतों द्वारा आवंटित धनराशि का व्यय निम्नवत् कार्यों के सम्पादन हेतु प्राथमिकता के अनुसार निम्न कार्य कराये जा सकते हैः–

प्रेषित
Rachna
10/08/2023

**1– गौशाला/कांजीहाउस की मरम्मत/रखरखाव।**

**2– तरल एवं अपशिष्ट पदार्थ प्रबन्धन से संबंधित कार्य।**

**3– ग्राम पंचायत में स्वयं की आय के स्त्रोतों में वृद्धि हेतु कार्य लिये जा सकते है, किन्तु इनके द्वारा प्राप्त आय ग्राम निधि के बैंक खातों में परिलक्षित होनी चाहिए।**

**4– यदि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन की उपलब्धता न हो तो, आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत द्वारा 01 अथवा 02 कक्षों का निर्माण पंचायत भवन के विकल्प के रूप में किया जा सकता है।**

**5– पंचायत भवन में पंचायत कार्यालय की स्थापना, जिसमें कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की सुविधाएं सम्मलित है।**

**6– ग्राम पंचायतों में जनसुविधा केन्द्र (सी0एस0सी0) की स्थापना।**

**7– ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना/रखरखाव।**

**8– टीकाकरण हेल्थ कैम्प का आयोजन।**

**9– ऐसे कार्य जो कि वृहद् जनकल्याण हेतु किया जाना आवश्यक है व उनकी व्यवस्था किसी और योजनान्तर्गत नहीं की गयी है।**

अतः जनपद–मुजफ्फरनगर के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी कृपया यह सुनिश्चित करें कि मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजनाओं की पुरस्कृत पंचायतों द्वारा प्राप्त धनराशि का व्यय उल्लिखित मदों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए करायें। इन कार्यों के सम्पादन हेतु जो भी भुगतान किया जाए उसे बाध्यकारी रूप से एन0ई0एफ0टी0/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से ही किया जाए तथा ई–ग्राम स्वराज पर कार्यों की फीडिंग और आय–व्यय के आंकड़े अंकित किए जाए। साथ ही निर्धारित प्रारूप–42(I) पर व्यय की गयी धनराशि का उपभोग प्रमाण–पत्र (फोटोग्राफ सहित) यथाशीघ्र उपलब्ध कराये जाने हेतु कृपया अपने स्तर से सम्बन्धित ग्राम पंचायतों को निर्देशित करने का कष्ट करें।

**संलग्नक : उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**(प्रमोद कुमार उपाध्याय)**
**निदेशक,**
**पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।**

**संख्या :5/920/1/2023 तद्दिनांक।**

**प्रतिलिपि :निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1– कृषि उत्पादन आयुक्त, अपर मुख्य सचिव, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन।
2– मण्डलायुक्त, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
3– मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
4– मण्डलीय उपनिदेशक (पं0), सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
5– जिला पंचायत राज अधिकारी, मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करते हुए उपभोग प्रमाण पत्र (निर्धारित प्रारूप पर फोटोग्राफ सहित) यथाशीघ्र उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित करें।
6– श्री मोहित सिंह, कॉल सेन्टर सुपरवाईज़र को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि जनपद–मुजफ्फरनगर की चयनित ग्राम पंचायतों की सूची पंचायत सहायक ऐप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

14/8/23

**(योगेन्द्र कटियार)**
**उपनिदेशक(पं0)।**

मुख्यमंत्री पुरस्कार योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत को प्राप्त धनराशि के व्यय का मदवाद विवरणः–

जनपद का नाम– विकास खण्ड का नाम– ग्राम पंचायत का नाम–

| क्र.सं. | मद का नाम | व्यय धनराशि | संबंधित कार्य की 02–02 फोटोग्राफ |
|---|---|---|---|
| 1– | गौशाला/कांजीहाउस की मरम्मत/रखरखाव। | | |
| 2– | तरल एवं अपशिष्ट पदार्थ प्रबन्धन से संबंधित कार्य। | | |
| 3– | ग्राम पंचायत में स्वयं की आय के स्त्रोतों में वृद्धि हेतु कार्य लिये जा सकते है, किन्तु इनके द्वारा प्राप्त आय ग्राम निधि के बैंक खातों में परिलक्षित होनी चाहिए। | | |
| 4– | यदि ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन की उपलब्धता न हो तो, आवश्यकतानुसार ग्राम पंचायत द्वारा 01 अथवा 02 कक्षों का निर्माण पंचायत भवन के विकल्प के रूप में किया जा सकता है। | | |
| 5– | पंचायत भवन में पंचायत कार्यालय की स्थापना, जिसमें कम्प्यूटर, प्रिंटर एवं इंटरनेट की सुविधाएं सम्मलित है। | | |
| 6– | ग्राम पंचायतों में जनसुविधा केन्द्र (सी0एस0सी0) की स्थापना। | | |
| 7– | ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी की स्थापना/रखरखाव। | | |
| 8– | टीकाकरण हेल्थ कैम्प का आयोजन/ कोविड से बचाव हेतु टीकाकरण। | | |
| 9– | ऐसे कार्य जो कि वृहद् जनकल्याण हेतु किया जाना आवश्यक है व उनकी व्यवस्था किसी और योजनान्तर्गत नहीं की गयी है। | | |
| 10 | क्रमांक–1 से क्र.–09 तक की मदों में कुल व्यय धनराशि | | |

हस्ताक्षर–
ग्राम पंचायत अधिकारी,
जनपद–

हस्ताक्षर–
जिला पंचायत राज अधिकारी,
जनपद–

## मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार वर्ष 2022–23 में चयनित 05 ग्राम पंचायतों की सूची

| S No. | District | Kshetra Panchayat | Gram Panchayat | Total Marks (Assessment By District After FVT) | LGD Code | Bank Name | IFSC Code | Acount Number | Rank (Comon Rank for same Marks) | Amount (In Lacs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUZAFFARNAGAR | MORNA | CHAURAWALA | 83 | 81405 | PUNJAB NATIONAL BANK | PUNB0255300 | 2553000400926705 | 1 | 1100000 |
| 2 | MUZAFFARNAGAR | PURKAJI | NURNAGAR | 82 | 81525 | PUNJAB NATIONAL BANK | PUNB0081900 | 0819000100913833 | 2 | 900000 |
| 3 | MUZAFFARNAGAR | SHAHPUR | BAHADARPUR GARHI | 81 | 81539 | PUNJAB NATIONAL BANK | PUNB0644600 | 6446000100002953 | 3 | 600000 |
| 4 | MUZAFFARNAGAR | JANSATH | PUTTHI IBRAHIMPUR | 77 | 81232 | PUNJAB NATIONAL BANK | PUNB0372100 | 3721000100164184 | 4 | 400000 |
| 5 | MUZAFFARNAGAR | CHARTHAWAL | BADH | 75 | 81142 | PUNJAB NATIONAL BANK | PUNB0485600 | 4856000100106197 | 5 | 200000 |
| | | | Total | | | | | | | 3200000 |